## न्यायालय–नीरज कुमार त्यागी, अवर न्यायाधीश (प्रथम), नरकटियागंज

### स्वत्व वाद सं0–89/2017

जान महम्मद अंसारी एवं अन्य................................................................वादीगण

बनाम

इनामुल्लाह खान एवं अन्य................................................................प्रतिवादीगण

| **DATE** | **ORDER** | **REMARKS** |
|---|---|---|
| **17.02.2023** | वादीगण की ओर से पैरवी है। अभिलेख आज वादीगण की ओर से दाखिल आवेदन दिनांक 03.11.2020 अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पर आदेश हेतु नियत है।<br><br>**आदेश (ORDER)**<br><br>वादीगण का अपने आवेदन में कहना है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी सं0–02 देवशरण यादव की मृत्यु दिनांक 09.08.2020 को हो गई है तथा प्रस्तुत वाद में मृत प्रतिवादी सं0–02 देवशरण यादव के विधिक वारिसान के रूप में अपने पीछे एक पुत्र रामविलास यादव तथा दो पुत्री गायत्री देवी तथा लालसा देवी को छोड़कर मरे है। मृतक देवशरण यादव की पत्नी उनके जीवनकाल में ही मर चुकी है। अतः वादपत्र से मृत प्रतिवादी सं0–02 देवशरण यादव का नाम कलमजद करने तथा उनके स्थान पर आवेदन में वर्णित उनके विधिक वारिसानों का नाम प्रतिस्थापित करने की कृपा करें। जो प्रस्तुत वाद के आवश्यक पक्षकार है।<br><br>प्रतिवादीगणों की ओर से वादीगण के आवेदन का प्रत्युत्तर दिनांक 10.11.2022 को दाखिल किया गया तथा कहा गया कि प्रतिवादी सं0–02 देवशरण यादव दिनांक 09.08.2020 को नही मरे बल्कि दिनांक 08.08.2020 को मरे है। वादीगण के द्वारा समय सीमा बीत जाने के बाद आवेदन दिया है। अतः आवेदन को खारिज योग्य बताया गया।<br><br>उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्तागण को सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी सं0–02 देवशरण यादव की मृत्यु हो गई है जिसे प्रतिवादीगण भी स्वीकार करते है। प्रस्तुत आवेदन समय सीमा के अतंर्गत दाखिल किया गया है। वादीगण के द्वारा अपने आवेदन के समर्थन में शपथपत्र दाखिल किया गया है। अतः न्यायहित में वादीगण का आवेदन | |

# न्यायालय–नीरज कुमार त्यागी, अवर न्यायाधीश (प्रथम), नरकटियागंज

## स्वत्व वाद सं0–89/2017

| | | |
|---|---|---|
| **लगातार**<br>**17.02.2023** | स्वीकार किया जाता है तथा कार्यालय लिपिक को निर्देश दिया जाता है कि वह वादपत्र से मृत प्रतिवादी सं0–02 का नाम कलमजद करें तथा मृतक के विधिक वारिसानों का नाम प्रतिस्थापित करें तद्पश्चात वादीगण की ओर से प्रतिस्थापित प्रतिवादीगणों की उपस्थिति हेतु समन की अपेक्षिकाएँ दाखिल करें।<br>वाद दिनांक 15.03.2023 को अग्रिम कार्यवाही हेतु नियत।<br>लेखापित<br>अवर न्यायाधीश, प्रथम<br>नरकटियागंज | |